भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2745

उत्तर देने की तारीख 09 मार्च, 2026
18 फाल्गुन, 1947 (शक)

ओडिशा में आदिवासी युवाओं को सहायता

2745. डॉ. रबीन्द्र नारायण बेहेरा :

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या ओडिशा के जाजपुर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के जनजातीय युवाओं ने विभिन्न खेलों में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य और देश का प्रतिनिधित्व किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) सरकार द्वारा ओडिशा के जाजपुर जिले के जनजातीय युवाओं को खेल के क्षेत्र में बढ़ावा देने और समर्थन देने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्र

(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): खेलो इंडिया स्कीम के अंतर्गत, ओडिशा राज्य का राष्ट्रीय खेल पारिस्थितिकी तंत्र में महत्वपूर्ण स्थान है। वर्तमान में, 80 पहचाने गए खेलो इंडिया एथलीट्स (केआईए), जिनमें जाजपुर के खिलाड़ी भी शामिल हैं, इस स्कीम के तहत विशेष मदद प्राप्त कर रहे हैं। इन एथलीट्स ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर कुल 4,726 पदक और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 945 पदक अर्जित किए हैं।

इसके अतिरिक्त, खेलो इंडिया स्कीम के माध्यम से फुटबॉल के लिए समर्पित 01 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किया गया है और यह जाजपुर के कुहिका स्थित महागिरी सरकारी उच्च विद्यालय में संचालित है। इन केंद्रों का उद्देश्य मौजूदा अवसंरचना का उपयोग करना और पूर्व चैंपियन एथलीट्स (पीसीए) के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण कोचिंग प्रदान करना है। इस क्षेत्र के पहचाने गए केआईए को प्रति वर्ष ₹6.28 लाख का व्यापक सहयोग मिलता है, जिसमें एथलीट को सीधे

₹10,000 प्रति माह का आउट-ऑफ-पॉकेट अलाउंस (ओपीए) दिया जाता है, साथ ही कोचिंग, आहार और खेल विज्ञान के लिए वित्तीय सहायता भी शामिल है

साथ ही, जाजपुर के एथलीट्स को भुवनेश्वर स्थित कलिंग स्टेडियम में खेलो इंडिया राज्य उत्कृष्टता केंद्र (केआईएससीई) की सुविधा प्राप्त है। इस केंद्र को उच्च-प्रदर्शन खेल विज्ञान के विशेषज्ञ जनशक्ति और उपकरणों से सशक्त किया गया है ताकि उन्नत प्रशिक्षण और प्रदर्शन विकास में खिलाड़ियों को सहयोग मिल सके

*****